छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल

ऑफिस कॉम्प्लेक्स प्रथम तल ब्लॉक–A एकात्म पथ,सेक्टर–24 अटल नगर, रायपुर (छ0ग0)

ईमेल– secretary-bocw@cg.gov.in, phone No. 0771-2971063

/ /अधिसूचना / /

नवा रायपुर अटल नगर ,दिनांक 25-11-2021

क्रमांक / 42 / 04 / योजना / बीओसी / 2021 / 112 .... भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा–शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा–शर्तो का विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एतद् द्वारा छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार नवीन योजना **"मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना"** बनाती है :–

(क) योजना का प्रावधान :–

1. योजना का नाम **"मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना"**होगा।
2. यह योजना उन भवनों और अन्य निर्माण कर्मकारों पर प्रभावशील होगी, जो अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत हिताधिकारी के रूप में पंजीबद्ध हो।
3. योजना के तहत् हिताधिकारी द्वारा मंडल में भवन तथा अन्य सन्निर्माण कर्मकार के रूप में अधिसूचित प्रवर्ग में पंजीयन / पंजीयन नवकरण हेतु प्राप्त आवेदनों का संबंधित क्षेत्राधिकारिता के पंजीयन अधिकारी द्वारा पात्रता की जांच उपरांत आवेदन स्वीकृति होने पर हिताधिकारी स्वतः ही योजनांतर्गत लाभान्वित होगा एवं निःशुल्क अपना श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेगा।
4. योजना के तहत् हिताधिकारी को श्रमिक पंजीयन / नवकरण अभिदाय शुल्क में छूट प्रदान करते हुए शासन द्वारा निर्धारित पंजीयन / नवकरण अभिदाय शुल्क की राशि की प्रतिपूर्ति मंडल द्वारा की जावेगी।

(ख) योजना हेतु पात्रता :–

1. निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीयन होना अनिवार्य है।

(ग) स्वीकृति का अधिकार :–

1. योजनांतर्गत विभागीय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त लाभान्वित श्रमिक की जानकारी के आधार पर प्रति माह अभिदाय शुल्क संबंधी सहायता राशि सचिव, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा स्वीकृत की जावेगी।

निरंतर..............2

(घ) भुगतान की प्रक्रिया :–

1. योजनांतर्गत सहायता राशि मंडल द्वारा उक्त योजना में प्रावधानित बजट से पंजीयन अभिदाय शुल्क संग्रहण हेतु मंडल के निर्धारित खाते में आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से स्थानांतरित किया जावेगा।

(ड.) विसंगति का निराकरण :–

1. इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में कोई विसंगति होने की स्थिति में सचिव, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम होगा।

उपरोक्त अधिसूचना, अधिसूचना जारी दिनांक से प्रभावशील होगी।

(छ.ग. शासन श्रम विभाग द्वारा अनुमोदित)

(राजेश कुमार पात्रे)
सचिव
छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, अटल नगर

पृ0कमांक / 42 / 04 / योजना / बीओसी / 2021 / 5161-5176 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 25-11-2021

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय श्रम मंत्रीजी, छ0ग0 शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
2. निज सहायक, माननीय अध्यक्ष, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल (श्रम विभाग) मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
4. श्रमायुक्त, श्रमायुक्त कार्यालय, इन्द्रावती भवन, व्दितीय तल, खण्ड–03, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
5. प्रभारी अधिकारी, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल इन्द्रावती भवन, व्दितीय तल, खण्ड–03, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
6. कल्याण आयुक्त, छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल, प्रवीण भवन 31 / 520, न्यू शांति नगर, रायपुर (छ0ग0)।
7. संचालक, संचालनालय, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
8. संचालक, संचालनालय, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला–रायपुर (छ0ग0)।
9. समस्त जिला कलेक्टर, ...(छ0ग0)।
10. समस्त सहायक श्रमायुक्त / श्रम पदाधिकारी / सहायक श्रम पदाधिकारी कार्यालय ....(छ0ग0)।

निरंतर...........3

11. समस्त उप संचालक/सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्यालय ....(छ0ग0)।
12. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर उपरोक्त अधिसूचना जन सामान्य के सूचनार्थ समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
13. उप संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, खैरागढ़ रोड़, राजनांदगांव (छ0ग0) की ओर आगामी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने हेतु प्रेषित् कर लेख है कि कृपया प्रकाशित राजपत्र की 50 प्रतियां विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्।
14. लेखा शाखा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर, अटल नगर, (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
15. एन0आई0सी0 शाखा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0) की ओर **तत्काल** वेब साईट में अपलोड करने बाबत्।
16. गार्ड फाईल।

सचिव
छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, अटल नगर